कुल आवश्यकता की 38 प्रतिशत खाद की आपूर्ति करता है इफको : अवस्थी

पारादीप : पारादीप स्थित जैविक खाद संयंत्र, फास्फोरिक एसिड संयंत्र में आठवें वाष्पीकरण यूनिट और सल्फर सिलो में सुधार का उद्घाटन बुधवार को इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर्स को-आपरेशन लिमिटेड (इफको) के सीईओ सह प्रबंध निदेशक डा यूएस अवस्थी ने किया। इस अवसर पर किसान और इफको के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में डा अवस्थी ने किसानों को जैविक खाद के प्रकार और इसके इस्तेमाल पर जानकारी दी। अपने संबोधन में इफको द्वारा देश की कुल आवश्यकता की 38 प्रतिशत खाद की आपूर्ति करने की जानकारी देते हुए डा अवस्थी ने कहा कि यह उत्पादन कर्मचारियों की लगन और प्रतिबद्धता से संभव हो रहा है। कंपनी की शुरुआत से ही किसानों के साथ मजबूती से खड़े होने के लिए उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम आने वाले दिनों में भी किसानों को सेवा देते

रहेंगे। समय पूर्व पारादीप में जैविक खाद संयंत्र स्थापना का कार्य पूरा होने पर उन्होंने खुशी व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर किसानों से नए विचारों से अवगत कराने को कहा, जिससे बेहतर सेवा देने में सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्होंने धरती की रक्षा के लिए यूरिया का इस्तेमाल घटाने और खाद का संतुलित इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों के लिए यहां पर अगले छह माह में किसान प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी, जहां पर राज्य के किसानों के लाभ के लिए जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी। पारादीप संयंत्र के शाखा प्रमुख एके पंडा ने पारादीप यूनिट की सफलतापूर्वक स्थापना पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां एक लाख लीटर की वार्षिक क्षमता वाले जैविक खाद संयंत्र की स्थापना मात्र 10 माह में चार करोड़ की लागत से पूरी की गई है। राज्य मार्केटिंग मैनेजर एस चट्टोपाध्याय ने अपने संबोधन में किसानों को जैविक खाद के इस्तेमाल पर जानकारी दी। कोर्डेट के डा मनमथ प्रसाद ने अपने संबोधन में जैविक खाद संयंत्र को नई ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर इफको कर्मचारी यूनियन और इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष और सचिव भी उद्घाटन उत्सव में उपस्थित थे। मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) जौसी आचार्य ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

Samaja 12-05-11